कार्यालय पता-26 सिविल लाइन्स, आनन्द आश्रम के सामने(काष्ठ कला केन्द्र) बरेली पिन कोड 243005
दूरभाष/फैक्स : 0581-2423799, 2510128 मोबाइल- 9410219915 ई-मेल- rheobareilly@gmail.com
कार्यक्षेत्रीय जनपद- बरेली, बदायूँ, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, सम्भल

# कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली

दिनांक 30/12/24

पत्रांकः क्षे.का.ब./ 3368-72 /2024-25

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
संलग्न सूची में अंकित समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्तपोषित
महाविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान, जनपद बरेली ।

विषय- **स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट वितरण हेतु आधार प्रमाणीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में** ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पृष्ठांकन पत्रांक क्षे.का.ब./2881-83/2024-25 दिनांक 25.11.2024, क्षे.का.ब./2884-86/2024-25 दिनांक 25.11.2024, कार्यालय पत्रांक क्षे.का.ब./3153-57/2024-25 दिनांक 14.12.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

उक्त पत्रों के माध्यम से आपको आपके संस्थान में कैम्प आयोजित कर छात्र-छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिये गये थे । प्रो0 संध्या सक्सेना, प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली (नोडल अधिकारी टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम- जनपद बरेली) ने अपने पत्र मेमो/डिजीशक्ति/2024-25 दिनांक 28.12.2024 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि संलग्न सूची में अंकित छात्र/छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण अब तक नहीं किया गया है, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा अत्यंत रोष प्रकट किया गया है । कृपया आपके संस्थान के अवशेष छात्र-छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण दो दिन में कराना सुनिश्चित करें ।

उक्त के सम्बन्ध में समयबद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चत करें, अन्यथा की स्थिति में शासन/जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के लिये महाविद्यालय प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे । प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है ।

संलग्नक- यथोक्त ।

भवदीया

प्रो0(डॉ0 सन्ध्या रानी शाक्य)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली

पृष्ठांकन- पत्रांक एवं दिनांक उपर्युक्त ।
प्रतिलिपि- निम्नांकित को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अपर जिलाधिकारी (नगर) बरेली ।
2. अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय बरेली ।
3. कुलसचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस सम्बन्ध में **अपने स्तर से भी महाविद्यालयों को निर्देशित करने का कष्ट करें** ।
4. प्रो0 संध्या सक्सेना, प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग, वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली (नोडल अधिकारी टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम- जनपद बरेली) को तत्काल आवश्यक अनुश्रवण हेतु प्रेषित ।

30/12/24

प्रो0(डॉ0 सन्ध्या रानी शाक्य)
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली

1044

07/1/25

कुलसचिव